बरेली, बुधवार
18 फरवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण



# थ्रीडी प्रिंटिंग सिस्टम के बारे में छात्रों को दी जानकारी

**बरेली:** एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 'सीएडी प्रिंटिंग का परिचय' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। संकाय समन्वयक डा. सत्य देव ने औद्योगिक क्रांतियों और थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक के विकास पर व्याख्यान दिया। प्रतिभागियों को इंडस्ट्री 1.0 से इंडस्ट्री 5.0 तक के परिवर्तन और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग की बढ़ती प्रासंगिकता से अवगत कराया। टिंकरिंग लैब में डा. प्रदीप कुमार यादव व डा. पुष्पेंद्र यादव के मार्गदर्शन में सीएडी माडलिंग और थ्रीडी प्रिंटिंग सिस्टम पर प्रायोगिक सत्र आयोजित किए गए। शुभारंभ एमओसी साक्षी तिवारी ने किया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डा. रविंद्र कुमार, प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डा. आशीष कुमार, उप-प्राचार्य डा. ऋतु सिंह आदि सदस्य मौजूद रहे। (वि.)